प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं मिशन निदेशक,
राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन.आर.एच.एम.,
विशाल कॉम्पलैक्स,19–ए विधान सभा मार्ग,
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिला परियोजना अधिकारी ( परिवार कल्याण ),
समस्त जिला प्रमुख एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका।

पत्रांकः–एस0पी0एम0यू0 / बाल स्वास्थ्य / 2010–11 / 18–13 / 9840-2 दिनांकः 10, जुलाई 2010

**विषयः नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट ( Newborn Stablization Unit ) की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया**

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2005–2012 तक शिशु मृत्युदर में कमी ला कर 36 प्रति 1000 जीवित जन्म के स्तर को प्राप्त करने के लिये प्रत्येक स्तर पर सार्थक प्रयास करने होंगे। प्रदेश में शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिये अभी तक जो प्रयास किये जा रहे हैं, वो निम्नवत हैं–

- प्रत्येक प्रसव कक्ष (Labour Room) में अनिवार्य रूप से नवजात शिशु देखभाल कॉर्नर (Newborn Care corner) स्थापित किये जाने के लिये शासनदेश सं0 494 / 5–9–2010–9 (76) / 10 दिनांक 01 अप्रैल 2010 जारी किया गया है। प्रसव कक्ष में कार्यरत चिकित्सकों / स्टाफ नर्स / ए0एन0एम0 को नवजात की देखभाल के लिये विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- प्रत्येक प्रसव कक्ष में नवजात शिशु की देखभाल सम्बन्धी दिशा निर्देश (Protocol) चार्ट लगाये जायेंगे।
- चयनित जनपदों में स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट (Special Newborn Care Unit ( SNCU ) की स्थापना की गयी है तथा वर्ष 2010–11 में 5 अन्य जनपदों में भी स्पेशल न्यूर्बोन केयर यूनिट (SNCU) की स्थापना की जा रही है।
- प्रसव के उपरान्त जो नवजात शिशु कम बज़न के अथवा गंभीर रूप में बीमार है जिनकी देखभाल कुछ दिन / सप्ताह तक चिकित्सालय में भर्ती कर की जानी है, उनके लिये प्रथम सन्दर्भन इकाईयों पर प्रसवोत्तर वार्ड अथवा **प्रसव कक्ष के समीप के वार्ड में "नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट"** ( **Newborn Stablization Unit** ) की स्थापना की जानी हैं जिसके लिये निम्न निर्देश दिये जा रहे है–

## दिशा निर्देशः–

1. स्थान का चयनः–

प्रत्येक जिला अस्पताल / सामुदायिक स्वा0 केन्द्र ( प्रथम सन्दर्भन इकाईयों ) में प्रसवोत्तर वार्ड में अथवा अन्य किसी वार्ड में जो प्रसव कक्ष के समीप हो, में "नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट" की स्थापना की जायेगी। जिला महिला चिकित्सालयों में वार्ड में कम से कम 4 पलंग तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (प्रथम सन्दर्भन इकाईयों) में कम से कम 2 पंलग **नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन** के लिये तैयार किये जायेगे।

2. सुविधायें:—

- नवजात शिशु का ठंड से बचाव ( Prevention of Hypothermia )
- नवजात शिशु में पीलिया ( Neonatal Jaundice ) का प्रबन्धन।
- नवजात शिशु की श्वांस में गतिरोध का प्रबन्धन (Management of Asphyxia)
- कम वज़न के बच्चों की विशेष देखभाल।
- स्तनपान एवं फीडिंग सपोर्ट

3. उपकरण एवं व्यवस्था:—

नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट ( **Newborn Stablization Unit** ) वाले वार्ड में निम्न कियाशील उपकरण होंगे—

| **Items** | **At District Female Hospital** | **At FRU ( CHC)** |
|---|---|---|
| 1- Radiant Warmer | 4 | 2 |
| 2- Phototherapy Unit | 2 | 1 |
| 3- Hand operated resuscitator ( 500 ml. ) | 2 | 1 |
| 4- Laryingoscope with neonatal blades | 1 | 1 |
| 5- Weighing Scale- Baby ( Pan type or Electronic Type) | 1 | 1 |
| 6- Room Thermometer | 1 | 1 |
| 7- Digital Thermometer | 4 | 2 |
| 8- Mobile examination light / Torch | 1 | 1 |
| 9- Mucus extractor | As per requirement | As per requirement |
| 10- Foot operated suction Pump with suction tubes | 2 | 1 |
| 11- Towels for drying and wrapping the baby | As per requirement | As per requirement |
| 12- Sterile Gloves | As per requirement | As per requirement |
| 13- IV Cannulas 24G,26G and Drip set | As per requirement | As per requirement |
| 14- Feeding Tubes | As per requirement | As per requirement |
| 15- Oxygen cylinder | 2 | 1 |
| 16- Oxygen hood | 2 | 1 |
| 17- Cotton wool, Gauze, | As per requirement | As per requirement |
| 18- Neonatal Nasal Prong | 2 | 1 |
| 19- Syringes- 1 ml,2ml,5ml,10ml. | As per requirement | As per requirement |
| 20- Paediatric Chamber | As per requirement | As per requirement |
| 21- Required emergency Medicine (Inj-Adrenaline, Ringer Lactate, Sodabicarb, 5%dextrose, Inj.Aminophyline, 10% Dextrose, Normal Saline, Inj.Hydrocortisone) | As per requirement | As per requirement |

अनुमानतः जिला चिकित्सालय/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (प्रथम सन्दर्भन इकाईयों) में अधिकांश उपकरण उपलब्ध होंगे उन्हें **"नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट" (Newborn Stablization Unit )** वाले वार्ड में सुसज्जित किया जाये। यदि किसी स्वास्थ्य केन्द्र पर उपकरण अधिक हों और उनकी आवश्यकता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (प्रथम सन्दर्भन इकाईयों) पर न हो उनको स्थानीय स्तर पर यथा व्यवस्थित किया जाये। स्वास्थ्य इकाई पर जिन उपकरणों की उपलब्धता न हो, उनकी रोगी कल्याण समिति में उपलब्ध धनराशि से स्थानीय स्तर पर तत्काल व्यवस्था की जाये।

4. सुविधाओं का स्तरवार वर्गीकरणः—

1. **स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट (Special Newborn Care Unit ( SNCU ) की स्थापना।**

चयनित जनपदों एवं मेडीकल कॉलेजों में इन इकाईयों में अति गभीर शिशुओं की विशेष देखभाल की व्यवस्था हागी। वर्तमान में अलीगढ,आजमगढ,प्रतापगढ,ललितपुर,शाहजहाँपुर, सहारनपुर, आवंतीबाई महिला चिकित्सालय लखनऊ में (SNCU) की गयी है वर्ष 2010—11 में जनपद बांदा, बस्ती, फैज़ाबाद, मुरादाबाद, मिर्ज़ापुर तथा मेडीकल कॉलेज में ( SNCU ) स्थापना का प्रस्ताव है।

2. **नवजात शिशु देखभाल कॉर्नर (Newborn Care corner) की स्थापना।**

प्रत्येक 24 X 7 स्वास्थ्य इकाईयों के प्रसव कक्ष में इनकी स्थापना शासनादेश के अनुपालन में समस्त जनपदों के जिला चिकित्सालय,सी0एच0सी0,पी0एच0सी0 के प्रसव कक्षों में की गयी है। प्रसव कक्ष में प्रत्येक नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल की जायेगी।

3. **प्रत्येक जिला महिला चिकितसालय एवं प्रथम सन्दर्भन इकाईयों में "नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट" ( Newborn Stablization Unit ) की स्थापना।**

प्रसव के पश्चात कमजोर तथा गंभीर नवजात जिन्हें चिकित्सालय में गहन देखरेख में रखना आवश्यक है के लिये जिला चिकित्सालय/सामुदायिक स्वा0केन्द्र (प्रथम सन्दंभन इकाईयों) में विशेष वार्ड, वर्ष 2010—11 में तैयार किये जाने है। **वार्ड के सामने पेन्ट द्वारा निम्नानुसार लिखवाया जाये।**

| नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई<br>( Newborn Stablization Unit ) |
|---|

उपरोक्त से स्पष्ट है कि शिशु मृत्युदर कम करने के लिये अलग—अलग इकाईयों पर विशेष उद्‌देश्यों को ध्यान में रख कर स्थापना की गयी है। इस प्रकार से जिला महिला चिकित्सालय एवं प्रथम सन्दंभन इकाईयों पर "नवजात **शिशु देखभाल कॉर्नर"** (Newborn Care corner) एवं "नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन यूनिट" (Newborn Stablization Unit) दोनों इकाईयॉ स्थापित की जायेंगी।

5. **स्टाफ प्रशिक्षणः—**

**नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन** यूनिट ( **Newborn Stablization Unit** ) वाले वार्ड में कार्यरत कर्मियों को 5 दिन का **Facility based Integrated Management of Neonatal and Childhood Illness** (F-IMNCI) प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अतिाक्ति 2 दिन का नवजात शिशु सुरक्षा (NSSK) प्रशिक्षण भी दिलाया जायेगा।

6. **वित्तीय व्यवस्थाः—**

आर0के0एस0 में पबलध समेकित राशि जिसमें अनटाइड/ए0एम0जी0/ आर0के0एस0 ग्राण्ट तथा यूजर्स चार्जेस सम्मलित है में से आवश्यक धनराशि इसी कार्य में अनिवार्य रूप से उपयोग की जाये।

7. **उत्तरदायित्व :–**

**नवजात शिशु स्टेबलाईजेशन** यूनिट ( **Newborn Stablization Unit** ) स्थापित करने, कियाशील करने तथा सम्बन्धित स्टाफ को उपरोक्त में प्रशिक्षण दिलाये जाने को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जिला चिकित्सालय के मुख्य/प्रमुख अधीक्षक, अधीक्षिकाओं तथा सामुदायिक केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी की होगी।

8. **समय सीमाः–**

आपको अपने जनपद की चयनित इकाईयों पर यह यूनिट 31 अगस्त 2010 तक अवश्य ही कियाशील कर लेनी है।

9. **अनुश्रवण :–**

मण्डलीय अपर निदेशक व जनपद स्तर पर जिला परियोजना अधिकारी (परिवार कल्याण) मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य/प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका/सी.एच.सी. चिकित्सा अधीक्षक द्वारा इकाईयों के कियाशील करने का अनुश्रवण करेंगे।

10. **आकस्मिकता एवं प्रबन्धन :–**

- किसी आकस्मिक स्थिति में उपकरण कियाशील नहीं है तो तत्काल उसे ठीक कराया जाये अन्यथा पास की स्वास्थ्य इकाई से प्राप्त किया जाये।
- प्रशिक्षित स्टाफ छुट्‌टी पर है तो अन्य उपलब्ध स्टाफ को प्रशिक्षित करें एवं आवश्यकतानुसार पास की स्वास्थ्य इकाई से बुलाया जाये।
- बाल रोग विशेषज्ञ अथवा प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं है तो पास की स्वास्थ्य इकाई से बुलाया जाये। जिसके लिये वाहन की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जाये।
- विशेषज्ञों की सेवा हेतु दूरभाष तंत्र विकसित किया जाये।

भवदीय

( प्रदीप शुक्ला )
प्रमुख सचिव

पत्रांकः–एस0पी0एम0यू0/बाल स्वास्थ्य /2010–11/ / दिनांकः जुलाई 2010

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,निमार्ण भवन, नई दिल्ली।
2. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
3. महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,स्वास्थ्य भवन लखनऊ।
4. महानिदेशक, परिवार कल्याण ,परिवार कल्याण महानिदेशालय लखनऊ।
5. समस्त मण्डलायुक्त उत्तर प्रदेश।
6. समस्त जिलाधिकारी उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मुख्य चिकितसा अधिकारी उत्तर प्रदेश।
8. समस्त मण्डलीय/जिला कार्यकम प्रबन्धक उत्तर प्रदेश।

( प्रदीप शुक्ला )
प्रमुख सचिव

| S.No. District | Name of District | S.No. FRU | Name of FRU | S.No. District | Name of District | S.No. FRU | Name of FRU |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra | 1 | District Women Hospital | 35 | J.P. Nagar | 71 | CHC, Amroha |
| | | 2 | CHC, Bah | | | 72 | CHC, Gajraula |
| | | 3 | CHC, Kheragarh | 36 | Jaunpur | 73 | District Women Hospital |
| 2 | Aligarh | 4 | District Women Hospital | | | 74 | CHC, Kerakat |
| | | 5 | CHC, Atrauli | | | 75 | CHC, Badlapur |
| | | 6 | CHC, Khair | 37 | Jhansi | 76 | District Women Hospital |
| 3 | Allahabad | 7 | District Women Hospital | 38 | Kannauj | 77 | District Hospital-Gyanpur |
| | | 8 | CHC, Karchana | 39 | Kanpur Dehat | 78 | District Women Hospital |
| | | 9 | CHC, Handia | 40 | Kanpur Nagar | 79 | District Women Hospital |
| 4 | Ambedkar Nagar | 10 | District Combined Hospital | | | 80 | CHC, Sarsaul |
| | | 11 | CHC, Tanda | 41 | Kashi Ram Nagar | 81 | CHC, Kasganj |
| 5 | Azamgarh | 12 | District Women Hospital | 42 | Kaushambi | 82 | CHC, Sarai akil |
| | | 13 | CHC, Lalganj | 43 | Khiri | 83 | District Women Hospital |
| | | 14 | CHC, Phoolpur | | | 84 | CHC, Gola |
| 6 | Badaun | 15 | District Women Hospital | | | 85 | CHC, Palia |
| | | 16 | CHC, Ujhani | 44 | Kushinagar | 86 | CHC, Kasya |
| 7 | Baghpat | 17 | CHC, Baghpat | 45 | Lalitpur | 87 | District Women Hospital |
| | | 18 | CHC, Baraut | 46 | Lucknow | 88 | WC Hospital Avantibai |
| 8 | Bahraich | 19 | District Women Hospital | | | 89 | WC Hospital, Jhalkaribai |
| 9 | Ballia | 20 | District Women Hospital | | | 90 | RMLHospital |
| 10 | Balrampur | 21 | District Women Hospital | | | 91 | RLB Hospital |
| | | 22 | CHC, Tulsipur | | | 92 | CHC, Mohanlalganj |
| 11 | Banda | 23 | District Women Hospital | 47 | Maharajganj | 93 | CHC, Partawal |
| 12 | Barabanki | 24 | District Women Hospital | | | 94 | District Combined Hospital |
| | | 25 | CHC, Haidergarh | 48 | Mainpuri | 95 | District Women Hospital |
| | | 26 | CHC, Fatehpur | 49 | Mathura | 96 | District Women Hospital |
| 13 | Bareilly | 27 | District Women Hospital | | | 97 | CHC, Farah |
| | | 28 | CHC, Baheri | 50 | Mau | 98 | District Combined Hospital |
| | | 29 | CHC, Fardipur | | | 99 | CHC, Ghosi |
| 14 | Basti | 30 | District Women Hospital | 51 | Meerut | 100 | CHC, Mawana |
| 15 | Bhadhoi | 31 | District Hspital-Gyanpur | | | 101 | CHC, Sardhana |
| | | 32 | CHC, Bhadoi | | | 102 | CHC, Daurala |
| 16 | Bijnore | 33 | District Women Hospital | | | 103 | District Women Hospital |
| | | 34 | CHC, Najibabad | 52 | Mirzapur | 104 | District Women Hospital |
| 17 | Bulandshahar | 35 | District Women Hospital | | | 105 | CHC, Chunar |
| | | 36 | CHC,Khurja | 53 | Moradabad | 106 | District Women Hospital |
| | | 37 | CHC,Sikandrabad | | | 107 | CHC, Sambhal |
| 18 | Chaundali | 38 | CHC, Chakiya | 54 | Muzaffar Nagar | 108 | District Women Hospital |
| | | 39 | CHC, Sakaldiha | | | 109 | CHC, Shamli |
| 19 | Chitrakoot | 40 | District Women Hospital | | | 110 | CHC, Khautali |
| 20 | Deoria | 41 | District Women Hospital | 55 | Pilibhit | 111 | District Women Hospital |
| 21 | Etah | 42 | District Women Hospital | | | 112 | CHC, Besalpur |
| 22 | Etawah | 43 | District Women Hospital | 56 | Pratapgarh | 113 | CHC, Kunda |
| 23 | Faizabad | 44 | District Women Hospital | | | 114 | CHC, Patti |
| | | 45 | CHC, Bikapur | | | 115 | District Women Hospital |
| | | 46 | CHC, Rudauli | 57 | Raebareilly | 116 | District Women Hospital |
| 24 | Farrukhabad | 47 | District Women Hospital | | | 117 | CHC, Lalaganj |
| | | 48 | CHC, Qayamganj | | | 118 | CHC, Bacchrawan |
| 25 | Fathepur | 49 | District Women Hospital | 58 | Rampur | 119 | District Women Hospital |
| 26 | Firzobad | 50 | District Women Hospital | 59 | Saharanpur | 120 | District Women Hospital |
| | | 51 | CHC, Tundla | | | 121 | CHC, Deoband |
| | | 52 | CHC, Jasrana | 60 | Sant Kabir Nagar | 122 | CHC, Khalilabad |
| 27 | G.B. Nagar | 53 | CHC, Dadri | 61 | Shajahanpur | 123 | District Women Hospital |
| | | 54 | CHC, Badalpur | 62 | Sidharth Nagar | 124 | District Combined Hospital |
| 28 | Gaziabad | 55 | District Women Hospital | | | 125 | CHC, Uska Bazar |
| | | 56 | CHC, Hapur | 63 | Sitapur | 126 | District Women Hospital |
| | | 57 | CHC, Garh | | | 127 | CHC, Sidhauli |
| 29 | Gazipur | 58 | District Women Hospital | 64 | Sitapur | 128 | CHC, Laherpur |
| | | 59 | CHC, Saidpur | 65 | Sonbhadhra | 129 | District Women Hospital |
| | | 60 | CHC, Mohmodabad | | | 130 | CHC, Chopan |
| 30 | Gonda | 61 | District Women Hospital | | | 131 | CHC, Meorpur |
| | | 62 | CHC, Colanelganj | 66 | Srawasti | 132 | CHC, Ikauna |
| 31 | Gorakhpur | 63 | District Women Hospital | 67 | Sultanpur | 133 | District Women Hospital |
| | | 64 | CHC, Sahjanwa | | | 134 | CHC, Kadipur |
| 32 | Hamirpur | 65 | District Women Hospital | | | 135 | CHC, Jagdishpur |
| | | 66 | CHC, Rath | 68 | Unnao | 136 | District Women Hospital |
| 33 | Hardoi | 67 | District Women Hospital | | | 137 | CHC, Nawabganj |
| | | 68 | CHC, Sandila | | | 138 | CHC, Hasanganj |
| | | 69 | CHC, Pihani | 69 | Varanasi | 139 | CHC, Cholapur |
| 34 | Hathras | 70 | District Women Hospital | | | 140 | District Women Hospital |